That Act has got some specific provisions about fixing the responsibility on the implementing authority. In the event of their abuse or of deliberately flouting the provisions of that Act, there is a penal measure and almost all the States including Bihar, UP and Tripura have their own Act. But, unfortunately, the Central Government has no such Act at Centre. So, there must be a Comprehensive Central Act in pursuant to articles 335 and 16 (4)(A), and that Act must have some specific provisions of fixing the responsibility on the person who will be implementing it. There must also be penal provisions in it. There is a Private Members' Bill in this regard. I had applied my mind on it; after going through that. Almost all of them suggest to set up a Board. But I do not share since it is not a statutory one. There is a Constitutional authority set up under article 338, namely, the National Commission for Scheduled Castes and Scheduled Tribes, which is vested with judicial powers. They can issue their findings and those findings are as good as judgements. But, unfortunately, Hon. Justice Ahmadi, in his landmark judgement in the case Indian Overseas Bank Employees Association Vs UOI, has pronounced that the findings of the National Commission have no binding and they may be used only for the purpose of Annual Reports. This is my humble submission. I support the bill urging upon the Government for bringing a comprehensive Act to profect the rights of this class for reservation in services.

15.31 hours (Shri Shriniwas Patil ***in the Chair***)

I support the Bill and urge upon the Government for a comprehensive legislation with provisions like fixing the responsibility and accountability on the person implementing those provisions. There must also be penal provisions. The administrator of this legislation or enactment must have magisterial powers, the procedure adopted should be similar to that of the Criminal Procedure Code and a magistrate of competent jurisdiction must deal with this matter.

This is my submission. Until and unless there is a specific Act in pursuance of articles 335 and 64, it will be useless. Constitutional provisions cannot suffice our purpose.

Again I support the Bill with a high hope and expectation that the Government will take note of these points and we expect that, in the next Session, there will be a specific legislation for implementing all the rights and privileges that are envisaged in our Constitution.

डा. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : सभापति महोदय, मैं 88वें संविधान संशोधन विधेयक पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। हमारे पूर्वजों और बाबा साहेब अम्बेडकर ने कुर्बानियां दी और संविधान निर्माण किया। इसके द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लोगों को सहूलियतें दी गईं। कोर्ट का फ़ैसला हुआ। इस कारण 22.7.97 को आदेश निकला। इससे पहले अनूसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अफ़सरों, कर्मचारियों और अधिकारियों की पदोन्नति में बाधा पड़ी। दो दिनों तक हाउस में यह सवाल उठा और सदन की कार्रवाई बाधित हुई। सदन के लोग इस मामले में मुस्ताद थे लेकिन यह सरकार टाल-मटोल करने लगी। यह सरकार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के खिलाफ है। सदन और सदन के बाहर इसे लेकर भारी आन्दोलन हुआ। एम्पलाइज ने आन्दोलन किया। जब कोई उपाय नहीं निकला तो इन्हें यह लेकर आना पड़ा। यह अपने मन से इसे लेकर नहीं आए। इनका इससे कल्याण होने वाला नहीं है। मैं इस बारे में उदाहरण देना चाहता हूं। इससे संबंधित पांच आदेश निकलने थे लेकिन एक आदेश ही निकाला गया। मैं जानना चाहता हूं कि बाकी चार आदेश क्यों रोक कर रखे गए हैं? यह लाचार होकर इसे लाए हैं।

सभापति महोदय, सुप्रीम कोर्ट का विनोद कुमार और इन्दिरा साहनी के मामले में फ़ैसला हुआ और सरकार दोनों मामलों को जोड़कर 22.7.1997 वाला कानून लेकर आ गई। इसमें कहा गया है कि प्रोमोशन में आरक्षण नहीं होगा। इसमें ऐसा क्यों होता है? संविधान के होशियार लोगों ने लिख दिया और कोर्ट के फ़ैसले ने आरक्षण और प्रोमोशन को बाधित कर दिया।

सभापति महोदय, मेरे पास अनुसूचित जाति एवं, अनुसूचित जनजाति कल्याण संबंधी समिति का दूसरा प्रतिवेदन है जिसके अध्यक्ष श्री कड़िया मुण्डा हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया हैः

"100 वर्ा पूर्व अमरीका के राट्रपति श्री रूज़वेल्ट ने कहा था कि आर्थिक और सामाजिक प्रश्नों पर न्यायालयों के निर्णय, उनके आर्थिक और सामाजिक तत्वज्ञान पर निर्भर करते हैं। अमरीका में डैमोक्रेसी भारत से पहले आई। एक न्यायाधीश का दिमाग कोई यंत्रचलित विधि कला मशीन नहीं हैं। उसके निर्णय में कहा गया है कि अनजाने और उनकी रुचि और अरुचि और पूर्वाग्रहों तथा समस्त जीवन-दर्शन को प्रभावित करता है "

फिर अपने यहां न्यायमूर्ति चिनप्पा रेड्डी के शब्दों मेंः

"न्यायाधीश एक वर्ग से सीमित होता है"

हमने शुरु में कहा कि एक वर्ग चेतना होती है। यह सरकार अनुसूचित जाति ओर अनुसूचित जनजाति के खिलाफ है और इन पर इतना भारी दबाव पड़ा है । जब इनके पास इसका उपाय नहीं था तो यह अधिनियम लेकर आ गये। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने यह टिप्पणी की हैः

"चूंकि न्यायाधीश सम्पूर्ण वकील वर्ग से लिये जाते हैं, वे अनजाने में कतिपय पूर्वाग्रह पैदा करते हैं। "

यह सब समिति की रिपोर्ट में लिखा हुआ है। हम लोग न्यायाधीश की बात करते हैं। सरकार ने यह मामला दबाकर रखा हुआ था। इस समाज के गरीब वर्ग, लांच्छित, वांच्छित और उपेक्षित लोगों को सम्मान मिलने वाला है, यह सरकार उनके खिलाफ हैं। इसलिये ये सारी किताबें दबाकर रखती है।

सभापति महोदय, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश श्री देसाई ने ठीक ही कहा हैः

"हमारी न्यायापालिका अपनी आंखों पर परम्पराओं की पट्टी धारण किये हुये है जिससे उसने अनुभव की गई वास्तविकताओं को अनदेखा किया है। "

यदि हम लोग न्यायापालिका के खिलाफ बोलें तो नियम विरुद्ध हो जायेगा लेकिन न्यायमूर्ति लोग यह कह रहे हैं कि कितना न्याय हुआ है। इसलिये मैं कहता हूं कि सामाजिक न्याय की जरूरत है। यह इसलिये है कि उन लोगों के प्रति अन्याय किया गया है। इस समाज को बढ़े-चढ़ें लोगों ने उनका शोाण किया है। इसलिये उन लोगों को सामाजिक न्याय मिलना चाहिये। आगे कहा गया हैः

"ऐसा विश्वास करना मूर्खता होगी कि समाज में वर्तमान परिस्थितियों में उन लोगों को न्याय मिल सकेगा जो शासक दल से बाहर हैं।"

सभापति महोदय, यह सब बातें इस रिपोर्ट में लिखी हुई हैं। मैं नहीं जानता कि इस रिपोर्ट को सरकार ने पढ़ा है या नहीं? हम तो इस रिपोर्ट का पता लगाकर ले आये हैं। इस देश में सभी अवसर विभिन्न सामाजिक पृठभूमि और समूहों से आये न्यायाधीशों की आवश्यकता है। न्यायपालिका सहित सभी क्षेत्रों में संविधान की मूल भावना का पालन किया जाना चाहिये। फिर कुछ क्षेत्रों में आरक्षण पर पूर्णतया रोक लगाना बिलकुल अविवेकपूर्ण है। जैसा कि रक्षा सेवाओं या न्यायपालिका में अब तक किया गया है। सरकार द्वारा किये गये ऐसे कार्यों का समर्थन करने या ऐसी नीति का सुझाव देने हेतु न्यायपालिका को स्वीकृति देने के संबंध में संविधान में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

सभापति महोदय, इसीलिए ये सारे सुधार करने की जरूरत है। अन्त में समिति क्या कहती है। समिति का कहना है कि "साधारण व्यावहारिक रूप से आरक्षण नीति के क्रियान्वयन के संबंध में कथनी कुछ और करनी कुछ की नीति सरकार ने अपनाई है।" यह समिति कहती है जिसके अध्यक्ष कड़िया मुंडा हैं। वे कहते हैं कि सरकार गलत कर रही है। सरकार की करनी और कथनी में कोई मेल नहीं है। सरकार को इस रूप में बदलाव लाना ही होगा। समिति कहती है कि सरकार अपनी आदत में सुधार करे, बदलाव लाए। उसे सुधार करना पड़ेगा और बदलाव लाना ही पड़ेगा। इसलिए समिति कहती है कि न्यायिक सेवाओं को विशो रूप से राज्य की न्यायिक सेवाओं को न्यायिक खंड की परिधि में लाने के लिए व्यवस्था करे।

डॉ. रामकृण कुसमरिया (दमोह): लगता है यह बिहार सरकार की रिपोर्ट है।â€¦(व्यवधान)

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : महोदय, बिहार सरकार ने तो पहले ही इनके कलेजे पर खूंटा गाढ़ दिया है। यह बिहार सरकार की रिपोर्ट नहीं है। यह भारत सरकार की रिपोर्ट है। बिहार में जो हरिजन और आदिवासी हैं उनकी प्रतिठा लौटी है और जो दबे-कुचले लोग हैं, उनको ऊपर उठने का अवसर मिला है। डॉ. लोहिया के जमाने में

हम लोग लड़ते थे और कहते थे कि जब दबे-कुचलों को सम्मान मिलेगा तभी असली समाजवाद आएगा। यही कारण है कि बिहार में हमारी सरकार बनने के बाद हरिजन आदिवासी की प्रतिष्ठा लौटी है। वे कहते हैं कि हमें सम्मान मिला है। इसीलिए तो आप छटपटाते हैं और आप सब लोग एक हो गए, फिर भी बिहार सरकार का आप कुछ नहीं बिगाड़ पाए। बिहार सरकार अपनी जगह पर कायम है, टस से मस नहीं हुई। आपने बहुत कोशिश की, लेकिन आपकी सब कोशिशें बेकार साबित हुईं। यही कारण है कि आपको दर्द होता है।

सभापति महोदय : माननीय सदस्य, आप अपने सुझाव दीजिए।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : सभापति महोदय, वही तो मैं दे रहा हूं। समिति की रिपोर्ट है। इसमें समिति सिफारिश करती है कि न्यायिक सेवाओं को, विशेष रूप से राज्य की न्यायिक सेवाओं को आरक्षण की परिधि में लाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 124 और 127 में संशोधन किया जाना चाहिए। इसके साथ ही साथ न्यायपालिका विशेष रूप से उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के उचित कार्यकरण के साथ ही सिद्धान्तों की व्याख्या करने हेतु एक न्यायिक अधिनियम अधिनियमित किया जाना चाहिए। हम लोग लाख संशोधन करें, लेकिन कुछ नहीं होगा। यह समिति की सिफारिश है कि जब तक सुप्रीमकोर्ट और हाईकोर्ट में लोगों का आरक्षण नहीं होगा और बहाली की प्रक्रिया में परिवर्तन नहीं होगा, तब तक कुछ नहीं हो सकता। वर्तमान में जजों की बहाली हेतु पैरवी की जो प्रक्रिया चल रही है, यदि इसको नहीं बदला जाएगा, तो कुछ नहीं होगा, भले ही आप संविधान में कितना ही संशोधन कर दीजिए।

सभापति महोदय, यहां कहते हैं कि आरक्षण को संविधान के नौवें शेड्यूल में रखने से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जाति के लोगों का आरक्षण संविधान सम्मत हो जाएगा, सुरक्षित हो जाएगा। मेरा कहना है कि उससे भी कुछ नहीं होगा। जब तक सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट में जजों के आरक्षण की व्यवस्था नहीं होगी तब तक कुछ नहीं होगा। ये लोग उलट-पलट कर कुछ ऐसी दलीलें पेश कर देंगे और जज साहब उसके अनुसार अपना फैसला सुना देंगे और पिछड़ी जाति व अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग कुछ नहीं कर पाएंगे।

सभापति महोदय, समिति की सिफारिश है और वह कहती है कि "समिति नोट करती है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयुक्त द्वारा एक दशक पूर्व एक राष्ट्रीय न्यायिक आयोग के गठन का प्रस्ताव किया गया था, जिसे भारतीय विधि आयोग ने अपनी 121वें प्रतिवेदन में दोहराया है" यानी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयुक्त ने एक दशक पूर्व यह सिफारिश की थी कि एक राष्ट्रीय न्यायिक आयोग का गठन किया जाए जिसे भारतीय विधि आयोग ने अपनी 121 वीं रिपोर्ट में दोहराया है, लेकिन समिति कहती है कि खेद है अभी तक मामला सरकार के विचाराधीन है। कितने समय तक विचाराधीन रहेगा। समिति आगे कहती है कि "समिति पुरजोर सिफारिश करती है कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति, स्थानांतरण और तैनाती के लिए यथाशीघ्र एक राष्ट्रीय न्यायिक आयोग गठित किया जाए जिसमें अनुसूचित जाति का एक और अनुसूचित जनजाति का एक सदस्य शामिल किया जाए। अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का गठन भी इसके साथ-साथ किया जाना चाहिए।" इस संशोधन विधेयक हेतु बार-बार दो-तिहाई बहुमत से पास कराने के लिए यहां आना पड़ता है, यह कठिनाई दूर हो जाएगी, लेकिन यह सब तब होगा जब सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट में इन जातियों के लोगों को न्यायाधीश के रूप में बहाली की प्रक्रिया सरल बना दी जाएगी और उन्हें आरक्षण प्राप्त होगा।

सभापति महोदय, यह तो न्यायालय के दिनांक 22-07-1997 के फैसले के लिए संशोधन आया है। बाकी जो चार आदेश और हैं उनका क्या होगा। उनको निरस्त करने के लिए संशोधन क्यों नहीं लाते, उनके ऊपर क्यों चुप हैं, इसका जवाब दीजिए? इसीलिए यहां जो माननीय सदस्य बोले उनमें से कुछ ने जो कांप्रिहैंसिव बिल लाने की मांग की है वह ठीक है। आपको कांप्रिहैंसिव बिल लाना चाहिए और उसके जरिये ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि संविधान के अनुसार जो आरक्षण दिया गया है, वह मिलता रहे। उसमें कोई गड़बड़ी न हो और इस संबंध में जो आदेश पहले निकाले गए हैं, वे निरस्त हो सकें। इसके इम्पलीमेंटेशन के लिए जो बात बहिन मायावती ने कही है कि उस पर निगरानी और मानिटरिंग करनी चाहिए, वह की जाए।

लिखे हुए कानून को उलट-पलट कर देते हैं तो उसे लागू करने में कितनी गड़बड़ी होती होगी। जब दुनिया के मुल्कों में यहां के करोड़ों शोषित, पीड़ित, उपेक्षित, शैड्यूल्ड कास्ट्स, शैड्यूल्ड ट्राईब्स, बैकवर्ड, माईनौरिटीज के लोग सम्मानित होंगे और उन्हें सामाजिक न्याय मिलेगा तब यह देश नम्बर वन की तुलना में रहेगा अन्यथा हिन्दुस्तान पिछली कुर्सी में बैठेगा। यह हमारा दृढ़ मत है, इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती। हम सरकार से कहना चाहते हैं कि रिपोर्ट और सुझावों को मिला कर एक कम्प्रीहैनसिव रिपोर्ट लाएं अन्यथा यह आदिवासी, अनुसूचित जाति और जनजाति के खिलाफ है, सब लोग इसे जान जाएंगे और आपको वापिस हटाया जाएगा।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस संविधान संशोधन का समर्थन करता हूं।

संचार मंत्री (श्री राम विलास पासवान) : सभापति महोदय, 88वां संविधान संशोधन विधेयक जो लाया गया है, मैं समझता हूं कि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण संशोधन है और आपने ठीक कहा कि इसमें जो भी संशोधन और सुझाव देने हैं, किसी चीज पर चर्चा होती है तो निश्चित रूप से उसमें सुझाव आने चाहिए और माननीय सदस्यों ने सुझाव दिए हैं, लेकिन इसकी अहमियत को कम नहीं आंकना चाहिए। यह बहुत बड़ा क्रातिकारी कदम है और इसके लिए हर पक्ष के लोगों का समर्थन ही नहीं मिलना चाहिए बल्कि सरकार को धन्यवाद भी देना चाहिए। हमारे साथी श्री जयपाल रैड्डी बैठे हुए हैं। हमको इस सदन में कितनी पीड़ा हुई, जब किसी सरकार पर लांछन लगता है तो उस सरकार के साथ मंत्रिमंडल के लोगों पर भी लांछन लगता है। जब 1977 की बात आती है, उस मंत्रिमंडल में हम भी थे, श्री जयपाल रैड्डी भी थे। मुझे मालूम नहीं रघुवंश बाबू थे या नहीं। जब 1977 में 5 गवर्नमैंट आर्डर का मामला आया, तब हमारी नॉलेज में 30 अक्टूबर को वैल्फेयर मिनिस्टर द्वारा यह मामला लाया गया था, 3 नवम्बर को उसी समय हमने बहुत कड़ा पत्र तत्कालीन प्रधान मंत्री को लिखा था। पत्र ही नहीं लिखा था बल्कि कैबिनेट में भी जितनी जोर से हो सकता था, हमने उस मामले को उठाया था। हमारे अंडर एक कमेटी भी बनी थी। कमेटी की रिपोर्ट, ऐसा पहली बार हुआ होगा, सात दिन में पेश कर दी गई। लेकिन जब उसे लागू करने का मामला आया, तब यह कहा गया कि अभी पार्लियामैंट के चुनाव की घोषणा हो गई है और यह मेजर पॉलिसी का सवाल है इसलिए इसे नहीं किया जा सकता। जो अभी हमारे साथी मांग कर रहे हैं, वही उस समय हम भी मांग कर रहे थे। यह सही है कि जुलाई के महीने में यह डी.ओ.एम. में आ गया था। डिपार्टमैंट ऑफ परसोनेल के स्टेट मिनिस्टर हमेशा रहते हैं लेकिन कैबिनेट मिनिस्टर हमेशा प्रधान मंत्री हुआ करता है। इसलिए मैंने कहा कि भाषण देना या जितनी जांच-पड़ताल चलती है, तबला पर उतना नहीं चल पाता। हम सब लोग सरकार में रहे हैं। जब सरकार में जाते हैं तो सरकार की मजबूरियां सामने होती हैं। यह प्रस्ताव जो आज सदन के सामने आया है, हम सब उस समय प्रधान मंत्री जी से मिले थे। 1998 में हम मंत्री नहीं थे। हमें ख्याल है कि तत्कालीन स्पीकर श्री बालयोगी साहब की अध्यक्षता में हम प्रधान मंत्री जी से मिले थे। उस समय श्री अटल बिहारी वाजपेयी प्रधान मंत्री थे। उन्होंने लॉ डिपार्टमैंट से लेकर अटार्नी जनरल तक सबको बुलाया था।

यह राय चल रही थी कि नहीं, सुप्रीम कोर्ट का चूंकि आदेश है, इसलिए इसको हाई कोर्ट में रेफरेंस के लिए भेजा जाये और उस समय हम लोगों ने तर्क दिया था कि सुप्रीम कोर्ट ने जजमेंट दिया है, वहां आप रेफरेंस के लिए भेजेंगे तो उनके सामने भी दुविधा उत्पन्न होगी। मैं सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं कि सरकार ने एक बोल्ड डिसीजन लिया और जो बात मायावती जी ने कही, उन्होंने ठीक कहा, जब हम लोग चार, पांच और छः दिसम्बर को मिले थे, उस समय मैं चाह रहा था कि लीडर ऑफ दि अपोजीशन वहां रहतीं और कांग्रेस के सभी सदस्य वहां रहते तो वहां नजारा और होता, लेकिन दुर्भाग्य सेâ€¦(व्यवधान)

मैं कह रहा हूं न, आप थे, संतोष जी थीं, दो-तीन लोग थे, लेकिन उस समय हमें याद है, उस समय का सीन कि आप लोग भी इसी उम्मीद में पहुंच गये थे कि कांग्रेस के सदस्य आएंगे, लेकिन जब आप लोगों को मालूम हुआ कि कांग्रेस ने बायकाट किया है तो फिर आप लोग भी इधर-उधर देख रहे थे।

श्रीमती संतोष चौधरी (फिल्लौर) : यह बिल्कुल गलत बात है, मैंने तो वहां प्रीजाइड किया है।

SHRI PRAVIN RASHTRAPAL (PATAN): Please do not bring in that issue.

SHRI RAM VILAS PASWAN: I do not want to bring in that issue. ...(*Interruptions*)

SHRI PRAVIN RASHTRAPAL : What happened to the Report which was prepared? ...(*Interruptions*) I was a Member of that Committee. You were also a Member. ...(*Interruptions*) What has happened to that Committee's Report? ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Shri Sushil Kumar Shinde, let him continue.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You will be given an opportunity.

...(*Interruptions*)

श्रीमती संतोष चौधरी (फिल्लौर) : हम वहां पूरे तीन दिन रहे और सबसे पहले वहां आये हैं।

श्री सुशील कुमार शिंदे (शोलापुर) : हाउस को गलत बात नहीं बतानी चाहिए, जो सत्य है, वही बताना चाहिए। हम लोग वहां प्रेजेण्ट थे। वहां जब ड्राफ्ट बनाया गया, तब भी प्रेजेण्ट थे, जो बूटा सिंह जी ने बताया कि प्राइम मिनिस्टर ने भाषण कियाâ€¦(व्यवधान)

श्री राम विलास पासवान : मैं फैक्ट्स सदन के सामने रख रहा हूं। सब के सिग्नेचर्स हैं, कांग्रेस के दो-तीन मैम्बर्स ऑफ पार्लियामेंट गये थे, आपको याद है, 106 मैम्बर पार्लियामेंट प्रेसीडेंट के यहां गये थे, जब चंडूर की घटना घटी थी, उसमें तब पार्टी पोलिटिक्स नहीं आई और उसका एक रिजल्ट भी आया, जो दलित राष्ट्रपति की बात हम लोग करते हैं, यदि दलित राष्ट्रपति का कहीं से मुद्दा आया था तो सारे दल के लोगों ने और सारे मैम्बर्स ऑफ पार्लियामेंट, खासकर दलित मैम्बर्स ऑफ पार्लियामेंट, आदिवासी मैम्बर्स ऑफ पार्लियामेंट ने एक साथ एकजुट होकर काम किया, जब इस तरह की बात हो तो एक कॉज को सपोर्ट करने की बात होनी चाहिए, मैं सिर्फ इतनी ही बात कहना चाहता हूं। अभी हमारे साथी बूटा सिंह जी कह रहे थे, इसमें उन्होंने एक मुद्दा उठाया, उन्होंने कहा कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट में जा सकता है।

सभापति महोदय : आप थोड़ा संक्षिप्त कीजिए, 4.30 बजे मंत्री जी जवाब देने वाले हैं।

श्री राम विलास पासवान : मैं खत्म कर रहा हूं। इसमें बहुत ज्यादा बोलने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में मामला जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट में मामला जाने के लिए तो जा सकता है, लेकिन पिछली बार भी आप देखेंगे, शिंदे साहब, कि सुप्रीम कोर्ट में मामला गया, 16 नवम्बर को मंडल कमीशन के तहत जो जजमेंट आया, तब कांग्रेस की सरकार थी, आपने संविधान संशोधन किया और प्रमोशन में फिर से रिजर्वेशन लागू करने का काम किया और संविधान की धारा 16(4) में (ए) जोड़ने का काम किया। लेकिन दुर्भाग्य से सुप्रीम कोर्ट के सामने जब तीन जजों की बैंच के सामने मामला चला तो 16(4)(ए) का जो संशोधन किया गया, उस संशोधन की कार्यवाई को सुप्रीम कोर्ट की नोलिज में नहीं लाया गया। यही कारण हुआ कि संविधान संशोधन के बाद भी सुप्रीम कोर्ट ने प्रमोशन में रिजर्वेशन का मामला खत्म करने का काम किया। अन्यथा यदि आप देखेंगे, जो सुप्रीम कोर्ट का मंडल कमीशन के समय में जजमेंट था, 16 नवम्बर का, उसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि यह रिजर्वेशन पांच साल तक चलेगा और पांच साल के बीच में सरकार संविधान में संशोधन कर सकती है। मतलब 16 नवम्बर, 1992 से 16 नवम्बर, 1997 के बीच में कहीं इंटरफियरेंस का सवाल नहीं आता था, लेकिन उसी बीच में एक दूसरा मामला कोर्ट में गया, जिसमें नौ सदस्यों की बैंच ने जजमेंट दिया, लेकिन तीन सदस्यों की बैंच में जब मामला आया तो उसमें इस मामले को नहीं लाया गया कि आलरेडी संविधान में संशोधन हो चुका है। नतीजा है कि उसके कारण दूसरा जजमेंट आया और उस जजमेंट के कारण यह सारा का सारा मामला पीछे चला गया। इसलिए मैं कहता हूं कि सरकार ने दो काम किये हैं, एक काम किया है कि यह प्रमोशन में रिजर्वेशन जो खत्म कर दिया गया था, वह लाई है। बहन मायावती जी ने कहा कि यह देर से आया है। इसमें प्रोसीजर का मामला है, चूंकि 22 तारीख को प्रधान मंत्री जी ने यहां घोषणा की थी, 23 दिसम्बर को प्रधानमंत्री की घोषणा के एक दिन बाद राज्य सभा में संविधान में संशोधन पेश कर दिया गया।

वहां से स्टेंडिंग कमेटी में चला गया। उसने 23.7.2000 को भेजा। उसके बाद राज्य सभा में 17.8.2000 को पास किया गया। आप देखेंगे कि प्रधान मंत्री जी ने 22 दिसम्बर, 1999 को घोषणा की, राज्य सभा में दूसरे दिन पेश हो गया, उसके बाद स्टेंडिंग कमेटी में चला गया। वहां हर पार्टी के लोग हैं, किसी पर किसी का बस नहीं चलता। उसके बाद 23.7.2000 को उन्होंने दिया...

कुमारी मायावती (अकबरपुर) स्टेंडिंग कमेटी में गया नहीं था, उसको जानबूझ कर भेजा गया था ताकि इसे डिले किया जा सके।

श्री रामविलास पासवान : जो भी हो। 17 अगस्त को वहां से पास हुआ और आज 22 तारीख को हम लोग इस पर चर्चा कर रहे हैं। मैं आपसे सहमत हूं कि विलम्ब हुआ है। लेकिन उसमें भी प्रोसीजर का मामला है। यदि संसद से कोई कार्यवाई होती है तो सरकार के पक्ष में ही दोषारोपण नहीं हो सकता, अगर डिले हुआ है तो सभी पक्ष के लोग भी उसमें शामिल हैं।

जहां तक नौवीं अनुसूची में इसे शामिल करने का सवाल है, आपने ठीक कहा कि उसमें शामिल किया जाना चाहिए। संविधान का जो यह संशोधन है वह तभी नौवीं अनुसूची में आ सकता है जब उसके लिए एक्ट बनाया जाए। दुर्भाग्य से आजादी के बाद से जो अनुसूचित जाति और जनजाति का आरक्षण का मामला है या बैकवर्ड क्लासेज का मुद्दा है, वह जी.ओ. है, गवर्नमेंट आर्डर से है, , उसमें पियूनिटिव क्लाज नहीं होती, उसमें दंड का विधान नहीं होता। दंड का विधान तभी होता है जब वह एक्ट बनाया जाता है। मैं समझता हूं यह संविधान संशोधन एक अलग मुद्दा है। जो रिजर्वेशन की पालिसी है, उसको जी.ओ. से एक्ट के रूप में लाया जाए, उसके बाद नौवीं अनुसूची में रखा जाए।

श्री अमर राय प्रधान (कूचबिहार) : अब तक क्यों नहीं लाए ?

श्री रामविलास पासवान : मैंने पहले भी कहा कि यह कोई आसान काम नहीं है। जब सरकार इस पर विचार करेगी तो इतना आसान नहीं है कि सब लोग इस पर मुहर लगाने का काम करेंगे। जैसे महिलाओं के आरक्षण का सवाल है। हम सदन के नेता थे, देवेगौड़ा जी बैठे हुए थे, कहा गया कि एक मिनट में पास होना

चाहिए, अचानक वोटिंग मशीन खराब हो गई, हाउस एडजोर्न हो गया और मामला पलट गया, आज तक वह पास नहीं हुआ। इसलिए एक्ट, फैक्ट और टैक्ट, तीनों तरीके से चलना पड़ता है। मुझे खुशी है कि आजादी के 53 वर्ष बाद और गणतंत्र के 50 वर्ष बाद जब भी इस मामले में एस.सी., एस.टी. और वीकर सेक्शन का सवाल जब यहां आता है तो सारा हाउस एक हो जाता है। हाउस में संशोधन दिए जाते हैं, सुझाव दिए जाते हैं, देने भी चाहिए। सरकार को उन पर विचार करना चाहिए।

आज जो मुद्दा आया है उसके महत्व को कम नहीं आंकना चाहिए। इस सरकार की दो उपलब्धियां हैं। एक तो जो सीलिंग 50 परसेंट की थी, उसको खत्म कर दिया, स्पेशल ड्राइव को पुनः चालू करने का निर्णय किया और दूसरा जो यह प्रमोशन में आरक्षण का मामला खत्म हो गया था, इसे पुनः चालू करने के लिए यह संशोधन विधेयक आया है। मैं समझता हूं पूरा सदन इसे पास करेगा।

श्री माणिकराव होडल्या गावित (नन्दुरबार) : सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे इस बिल पर बोलने का समय दिया। हम पहले भी 90वां संशोधन विधेयक 2000 में पारित कर चुके हैं। मेरे ख्याल से वह अभी तक लागू भी नहीं हुआ। उसके बाद सरकार की ओर से यह 88वां संशधन विधेयक लाया गया है, उसका मैं और मेरी पार्टी समर्थन करेगी।

16.00 hrs.

यह संविधान संशोधन विधेयक चार-पांच लाइन का संशोधन विधेयक है। यह विस्तार में होना चाहिए था, ऐसा हमारा कहना है। 19 अगस्त 1997 को जो उच्चतम न्यायालय ने बहुत बड़ा जजमेंट दिया, उसमें एस.सी.एस.टी. के प्रमोशन में रिज़र्वेशन पर रोक लगाई। यह जजमेंट, हमारी सरकार अगर पूरा अभ्यास करके विस्तृत बिल लाती तो फिर से इसमें कोई भी मुद्दा और कोई भी आदमी उच्चतम न्यायालय में जाने के बाद भी उसका कोई उपयोग नहीं होता। लेकिन संविधान अधूरा है, इसलिए कोई भी आदमी यह संविधान संशोधन के विरोध में उच्चतम न्यायालय में जा सकता है। इसीलिए मैं सरकार को, मंत्री महोदया से नम्र निवेदन करूंगा कि पूरे विस्तार से यह बिल लाना चाहिए। माननीय सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे। डा. रघुवंश बाबू ने हमारी एस सी एस टी समिति की रिपोर्ट को पढा और मुझे भी समिति मे काम करने के लिए पार्टी ने मुझे भी मौका दिया है। यह समिति की रिपोर्ट उन्होंने जो पढ़ी है, वह सही है। हमें दुख है कि जहां नौकरियों के लिए परीक्षा होती है, जो एस.सी.एस.टी. के लोग हैं, उनको कुछ अंकों की छूट दी जाती है लेकिन जो परीक्षा लेने वाले अधिकारी हैं, उनको कोई कानून, नियम मालूम नहीं होता। वास्तविकता यह है कि एस.सी.एस.टी, का कोई भी उम्मीदवार अगर मैरिट में आता है तो उसे जनरल में ट्रीट करना चाहिए लेकिन वह नहीं होता। इसीलिए मंत्री महोदया से यह भी विनती करना चाहता हूं कि जो संविधान संशोधन विधेयक पास होने के बाद भी सरकार भारत सरकार के विभागों को जो पत्र देगी, उसमें स्पष्ट होना चाहिए कि कोई भी परीक्षा में एस.सी.एस.टी. के लोगों के अंक के बारे में छूट होती है और अगर कोई उम्मीदवार मैरिट में आता है तो रिज़र्वेशन नहीं होता हो तो जनरल की तरह ट्रीट कर सकते हैं, यह भी होना चाहिए। प्रमोशन में रिज़र्वेशन देने के लिए जो चालीस प्वाइंट का रोस्टर था, उसे सरकार ने 200 प्वाइंट का बढ़ा दिया है, यानि उसमें एस.सी.एस.टी. के लोगों को न्याय मिलेगा, यह मेरा मत नहीं है।

MR. CHAIRMAN : You have taken five to six minutes' time. There are about six persons still to speak and at 4.30 p.m., the Minister will reply. So, we should take into consideration the time.

श्री माणिकराव होडल्या गावित : महोदय, मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं।

दूसरी बात, मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि भारत सरकार के विभागों में जो वरिष्ठ अधिकारी हैं, वे बहुत उदासीन है, नाराज हैं और आदेशों का पालन नहीं करते हैं। हमने अनुसूचित जाति जनजाति समिति के माध्यम से अनेक राज्य सरकारों और अनेक विभागों का दौरा किया है। रिज़र्वेशन और प्रमोशन के बारे में बहुत से विभागों में उल्लेख नहीं है। आजादी के 50 सालों के बाद भी हमें बहुत दुःख है कि हमारे वरिष्ठ अधिकारियों को रिज़र्वेशन के बारे में मालूम नहीं है। इससे बड़ा दुःख हमारे मन में और क्या हो सकता है।

16.06 बजे (श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव पीठासीन हुए)

भारत सरकार की बहुत सी अंडरटेकिंग्स में हमने विजिट किया है। वहां के अधिकारियों को भी रिज़र्वेशन के बारे में मालूम नहीं है। इन कंपनियों में अनुसूचित जाति जनजाति के रिज़र्वेशन के मामले में कोई कार्य नहीं हो रहा है। इस बारे में भी मंत्री महोदय को देखना चाहिए। यह बात मैंने पहले भी कही थी और अब भी कह रहा हूं, इस संविधान संशोधन में बहुत सी खामियां हैं। सबसे बड़ी खामी यह है कि इसको 9वें शैड्युल में रखा जाए।

सभापति महोदय, जब तक यह कानून पूरी तरह से लागू नहीं होगा, तब तक अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों को लाभ नहीं मिलेगा। अंत में, मैं एक बात और कहना चाहता हूं। हमारे देश में, खासकर महाराष्ट्र में, बोगस अनुसूचित जाति जनजाति के लोग इसमें शामिल होना चाहते हैं। मेरा सरकार से अनुरोध है, जब इन लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है, नौकरियां नहीं मिल रही हैं, प्रमोशन नहीं मिल रहा है, तो बोगस जनजाति के लोग जो इस सूची में आना चाहते हैं, उनको मेरा निवेदन है कि इस प्रवृत्ति को रोका जाना चाहिए।

श्रीमती जस कौर मीणा (सवाई माधोपुर) : माननीय सभापति जी, आज मंत्री महोदया ने जो अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पदोन्नति संबंधी (88 वां संशोधन) आरक्षण विधेयक यहां पेश किया है, मैं उसका तहेदिल से समर्थन करती हूं। मैं प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगी, जिन्होंने यह विश्वास दिलाया था कि केन्द्र सरकार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के जायज हक उन्हें दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इन्होंने पहले 9 मई, 2000 को बिल पेश किया था और आज उसका दूसरा भाग संसद में पेश करके अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सभी भाईयों को यह विश्वास दिला दिया है कि हमारी सरकार और पार्टी उन्हें उनके हक दिलाने के लिए बहुत आगे है। आरक्षण व्यवस्था संविधान की प्रस्तावना में दी गई है। सर्वप्रथम जो सामाजिक न्याय का अधिकार है, यह उसके सिद्धांत पर आधारित है। जिस तरह मां अपने कमजोर बच्चे की, स्वस्थ बच्चे की बजाए, अच्छी तरह देखभाल करती है, ताकि उसकी कमजोरी निकल जाए और वह भी स्वस्थ बच्चे के बराबर खेलता-कूदता हुआ आगे बढ़े। उसी प्रकार हमारी संवैधानिक व्यवस्था में अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा पिछड़े वर्गों के विकास के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं। उनका उद्देश्य यही है कि समाज में ये सभी जातियां आगे बढ़ें। अपनी सामाजिक तथा आर्थिक उन्नति में सब के बराबर और सभी तबकों से अपनी बराबरी कर सकें। लेकिन 50 वर्षों में हमें केवल विषमताएं ही हाथ लगी थीं। उसका परिणाम है कि जनवरी, 1997 से लेकर 29 अगस्त, 1997 तक पांच ऐसे काले आदेश प्रसारित हुए, जिनकी वजह से अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कर्मचारी, अधिकारी वर्गों को पीछे धक्का लगा। पंजाब प्रांत में तो ऐसा भी हुआ कि उन्हें पदावन्नत ही नहीं किया

गया, बल्कि साथ में उन्हें जो राशि दी गई थी, उसकी वसूली का दंड भी उन्हें भोगना पड़ रहा है। राजस्थान में भी लगभग सैंकड़ों अधिकारी एवं कर्मचारी इन काले आदेशों के तहत प्रभावित हुए हैं। इंदिरा साहनी निर्णय के पैरा 831 में यह भी अभिनिर्धारित किया गया था कि संविधान के अनुच्छेद 335 में अन्तर्विट समादेश को ध्यान में रखते हुए अनुच्छेद 16(4) के अधीन ऐसे शिथलीकरण अनुज्ञेय नहीं हैं। यही वे शब्द हैं। जिनकी वजह से माननीय न्यायालय द्वारा आरक्षण नीति लागू नहीं हो रही है ।

महोदय, अनुच्छेद 335 की धारा 16(4) में यह शब्द अंकित किए हुए हैं, जिनका दंड हम भोग रहे हैं। न्याय विभाग में पदासीन अधिकारी उनका अर्थ लगाते समय अपने मन से इसका अर्थ लगा लेते हैं। बिहारी के दोहे की तरह इनका अर्थ निकलता है। इन शब्दों में जो जैसा चाहता है वही अर्थ निकाल लेता है, जिस तरह बिहारी के दोहों के सात-सात, आठ-आठ अर्थ निकलते हैं। ठीक उसी प्रकार अनुच्छेद 16(4) के शब्दों से प्रभावित होने की वजह से यह स्थिति हम लोगों की बन पाई है। उस दयनीय स्थिति से उबारने के लिए, प्रधानमंत्री जी ने आज इस बिल को पेश करके सभी अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कर्मचारी, अधिकारियों की आशाएं जगा दी हैं।

मैं कहना चाहूंगी कि अब इस तरह से व्यवस्था की जाए कि यह एक्ट बने और उसके साथ-साथ आरक्षण संबंधी सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित कर दी जाए। इसमें कोई ऐसी खामी न रह जाए, जिसकी वजह से हम फिर कहीं अंधेरे में भटक जाएं। इसमें चार व्यवस्थाएं हैं। आयु में छूट दी गई है, संवैधानिक व्यवस्था के अंतर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को नौकरी में प्रवेश के समय आयु में, अंकों के प्रतिशत में और अनुभव में छूट दी जाती है। उनकी जो (एसीआर) भरी जाती है, उनमें भी ग्रेडिंग होता है, उसमें उन्हें एक ग्रेड की छूट दी जाती है। ये सारी व्यवस्थाएं इस बिल के तहत सुनिश्चित की जाएं और उसके पश्चात इसे नौवें शेड्यूल में शामिल करते हुए इसकी पुख्ता व्यवस्था की जाए ताकि न्याय विभाग द्वारा किसी भी प्रकार से बाधित न हो सके ।

हमें उम्मीद है कि हमारी सरकार और माननीय प्रधान मंत्री इस ओर पूरा ध्यान देकर आरक्षण संबंधी नियमों को सुरक्षित और सुनिश्चित करेंगे।

DR. V. SAROJA (RASIPURAM): Mr. Chairman, Sir, I thank you very much for giving me this opportunity to place a few facts on this Bill.

According to the Poona Pact, the reservation for Scheduled Castes and Scheduled Tribes is *in lieu* of the separate electorate for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. It is not a charity, but it is a constitutional right.

Sir, 53 years after the Independence, if we are to discuss and debate here in this august House for their constitutional rights, then it is not good. I will place only one request on the floor of the House. May I demand again a separate electorate for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes? If there is a political will, then only we can achieve anything. It is the observation of not only this country, but all over the world, this oppressed and depressed community is not getting the benefit which is due from this Government.

Sir, during the inauguration of the Convention of Members of Parliament belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes, the hon. Prime Minister has assured that all the office memoranda would be implemented. I quote a few lines from his speech:

> "My Government proposes to bring about a Constitutional amendment to restore the seniority principle that was prevalent prior to these judgements. "

The hon. Prime Minister also assured in this august House that not only the concessions but also the constitutional rights would be delivered to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. It is due from this Government.

Now, I see that there is an undue delay. They form a Committee for everything and the Bill is sent to the Committee. The Committee comes out with the report. But, alas, after years together, it comes to `zero' result.

Sir, as far as the backlog vacancies are concerned, there is no updating of the census in respect of Scheduled Castes and Scheduled Tribes. How do you account for the backlog? What is the effective and comprehensive measure that the Government has got at this moment? Is any stipulated time-frame fixed by the Government to clear the backlog? The census should be updated in 2001. May I request the hon. Minister to have a separate electorate for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes?

Secondly, people living below the poverty line should be identified and the Budget allocation should be made according to the population. The scheme should be framed according to the need of the people and not as mentioned in the paper or in the Bill. I am sorry to say that all the constitutional rights which are there for years together are still constitutional only.

Sir, all the rules and all the Acts are only Acts. I associate with my senior colleagues that the reservation should be included in the Ninth Schedule of the Constitution. There should be an all-India Judicial Commission because as far as land reforms are concerned, even for a group house for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes, the land owners go to the court. The case continues to drag on without a time frame. Finally, that scheme is not being implemented.

As far as the monitoring system is concerned, where is the monitoring system? Is it at the *Panchayat* level or at the *Taluka* level or at the district level or at the State level or at the national level? May I request the Government to place a White Paper on how far, at least in the Ninth Five-Year Plan, we have moved and what are the concessions that those people have received?

As far as education is concerned, primary education is a Fundamental Right under the Constitution. But what is the educational level of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes that we have achieved so far? It is less than 30 per cent. If after 50 years even primary edcuation is only 30 per cent, then what for is this Government there? There is no political will of this Government to expedite the things. What is due from the Government, should be delivered within a stipulated time.

During the Convention which was held from 5th to 7th December, 1999, we had a debate for three days, and finally a Drafting Committee drafted a Resolution. Shri Ram Vilas Paswan was the Chairman of that Committee but he failed to mention anything about the Committee's Resolution. Before that, Shri Buta Singh also framed a Resolution and that is also gaining dust in the dustbin. May I request the Government to go ahead with the constitutional rights as well as with the findings of the Review Committee? I appeal to all the political leaders to have a consensus to have an undiluted monitoring of the individual constituencies and every Member of Parliament should be assigned responsibility and accountability to come back to this House and tell about the individual Parliamentary constituencies and their achievements. Thank you, Sir.

SHRI AMAR ROY PRADHAN (COOCHBEHAR): Mr. Chairman, Sir, thank you for giving me this opportunity. I think this Constitution (Amendment) Bill for Scheduled Castes and Scheduled Tribes is a rare occasion when the hon. Prime Minister has piloted a Bill. I would like to say that he has piloted this Bill half-heartedly. Sir, if you go through the Bill, you will find that there are no Objects and Reasons of this Bill. There is nothing of the sort. As per the hon. Prime Minister's assurance to this august House in December last, in view of the Supreme Court Judgement, five amendments should have come up, but only one has come up. What about the other four? Secondly, why there is no scope for keeping it in the Ninth Schedule? I do not know but there is a great doubt that the Bill has been prepared by the lawyers in such a manner that ultimately it may again go to the Supreme Court. There is every chance of that. In that case, I would like to say − Shri Ram Vilas Paswan is not here − that there are three things: act, fact and tact. Act and fact are all right, but I would like to say that here it is only tact. Tactfully they have brought this Bill. But even for this small amendment, I must lend my support to this Bill.

Mr. Chairman, Sir, you know that this is my eighth term in the Lok Sabha. I have, for the past so many years, tried my level best that a comprehensive Bill is brought on this subject.

It is a must. But that comprehensive Bill is nowhere to be seen. There are only a few amendments or addition of some lines or a few commas or semicolons which are being done in this Bill.

Do you know the position regarding the reservations? There is shortage of time here and hence I do not like to go through it in detail. Only Goa, Sikkim and Andaman and Nicobar Islands have fulfilled the quota and no other State has done it in the past fifty-three years. There is a constitutional mandate to have reservations for the Scheduled Caste and the Scheduled Tribe people. But, none of the States has fulfilled this.

I do not like to say much on promotions. You go through the lists. You will find that only in Group-D the quota is fulfilled and in Group-C, it is somehow done. ...(*Interruptions*) It is not a case of only West Bengal. It is the picture of the whole India. Regarding Groups A and B, only three or four persons are promoted. You will find this here.

There is another aspect. Why are we asking for this comprehensive Bill? My friends from Assam are here. I do not know why I got the Chairmanship of the Select Committee of this House for the Constitution (Amendment) Bill, 1996 concerning the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. The Select Committee on the constitutional amendment has prepared the report and I submitted it before this House on 14th of August, 1997. After that, so many years have passed, but that Report has not seen the light of the day. Why is it so? It is not the question as to who was in the Government then or now.

We may say so many things about the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. When the leaders or the Ministers go on the public platform they will quote Swami Vivekananda and say that the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes people who are scavengers and belonging to other communities are their brothers and sisters, and kith and kin and are part of their blood. But the fact is that we have neglected these people.

You go to the North-Eastern region. There are tea garden workers. There are communities like *Bhumich, Badiya, Baigya, Kol, Kharia, Koya, Lotha, Malpakaria, Nagasia, Munda, Santhal*, *Oraon, Koch, Rajbangshi*, *Ghatowar* and *Banjaras.* They are 70 in total. In other parts of the country they are treated as the Scheduled Tribes. My friend Shri Paban Singh Ghatowar is not here. People of these communities are not treated as Scheduled Tribes in Assam because of the fact that when you count them, they will be in majority and they will ultimately be the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. That is why you have avoided it for the last 53 years − whoever be in the Government, it does not matter.

Madam Leader of the Opposition, your Party has been in the Government so many times. You did not do anything for them. Now these people are also trying to just avoid it. ...(*Interruptions*) Yes, we are neglecting our people. The leaders only speak about the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes that we are saving them, but, in fact, they are killing the Scheduled Caste and the Scheduled Tribe people. That is the tragedy in our country.

Please do not forget that they are a part of our nation. If you do not look after them, ultimately you will be in difficulty. I thank the hon. Prime Minister who has piloted this Bill. But, at the same time, I must say that he should give some commitment here regarding the comprehensive Bill as to when it would come, on what date or in which year or even whether it will come in the next century or not. Let us take it seriously.

Anyhow, I lend my support to this small amendment. Thank you.

श्री जी.एम. बनातवाला (पोन्नानी) : जनाबे चेयरमैन साहब, मैं इस बिल की भरपूर ताईद करता हूं। हुकूमत अपनी जिम्मेदारी को अंजाम दे रही है। अदालते आलिया सुप्रीम कोर्ट ने तो दस्तरे हिन्द की दफात और उसके अल्फाज़ की रोशनी में अपना फैसला दे दिया। लेकिन समाजी हालात मुखतलिफ थे और इन मुखतलिफ समाजी हालात की वजह से नाइंसाफी की एक सिचुएशन पैदा हो रही थी। अदालते आलिया ने तो सिर्फ अल्फाज़ को देख कर, क्वानीन के अल्फाज़ को देख कर यह फैसला दे दिया कि उनकी रोशनी के अंदर शैड्यूल्ड कास्ट्स के लोगों के लिये प्रमोशन्स में रिजर्वेशन हासिल नहीं रहती। जैसा मैंने कहा, समाजी हालात मुखतलिफ थे, लिहाज़ा पार्लियामैंट के अंदर और पार्लियामैंट के बाहर मुतालबात होने लगे कि प्रमोशन्स में रिजर्वेशन्स को बहाल किया जाए और इस मकसद की खातिर हुकूमत सामने आई। हम हुकूमत का शुक्रिया भी अदा करते हैं।

जनाब चेयरमैन साहब, रिजर्वेशन के ताल्लुक से बहुतेरे मुतालबात हैं। वक्त की तंगी की खातिर मैं उनमें नहीं जाना चाहता लेकिन कम से कम दो मुतालबात पर हुकूमत की तवज्जह तो दिला दूं ताकि हुकूमत उस पर भी तवज्जह करे और रिजर्वेशन के ताल्लुक से मुखतलिफ मुतालबात जो आते रहे हैं, उनके सिलसिले में भी अपनी जिम्मेदारी को अंजाम दे । एक मुतालबात जो हमने बारहा यहां पर किया है, वह यह है कि जब एक शैड्यूल्ड कास्ट का फरद एक इसाई मजहब या इस्लाम को कबूल करता है तो उसकी रिजर्वेशन को जारी रहना चाहिए। अब मैं इस पर ज्यादा नहीं कहूंगा क्योंकि बारह हमने वज़नी दलाइल इस सिलसिले में पेश की हैं। इस पर भी तवज्जह दी जाए। इस सिलसिले में भी जो ज़रूरी कार्यवाही आईन के तरमीम की, क्वानीन के तरमीम की, ऐग्ज़ीक्यूटिव एहकामात की तरमीम की है, उस पर भी तवज्जह होनी चाहिए।

एक और मुतालबात जो हमने शिद्दत के साथ हमेशा सामने रखा है वह यह है कि मुसलमान और हर अकलियत को सर्विसेस में रिजर्वेशन होना चाहिए। यह ज़रूरी है कि हमारी रंगा-रंग सोसाइटी, मल्टीपल सोसाइटी, की भरपूर तौर पर झलक हमारी सर्विसेस के अंदर भी हो, हमारी सर्विसेस सही मायने में सैकुलर और कौसमोपोलीटन कहलाए और साथ ही साथ मुल्क के अंदर बसने वाले तमाम लोगों के साथ इन्साफ किया जाए।

मुल्क के अंदर मुखतलिफ फिरके, मुखतलिफ सैक्शन्स हैं। हर सैक्शन मुल्क के लिए ताकत का बाईस है। । मुल्क का कोई एक सैक्शन अगर पिछड़ जाता है, पीछे रह जाता है तो मुल्क पर बोझ हो जाता है और हम उसे बोझ से देखना गवारा नहीं कर सकते। लिहाज़ा इन सबको नैशनल मेनस्ट्रीम में लाना ज़रूरी है ताकि मुल्क के मुखतलिफ तबकात के साथ भरपूर इन्साफ हो। इस सिलसिले में मुसलमान और अकलियतों की पोजीशन को उठा कर देखें। आपके सामने खुद आदादो शुमार मौजूद हैं। मेरे आदादो शुमार नहीं। डा. गोपाल सिंह हाई पावर पैनल आन माईनौरिटीज़ की रिपोर्ट आई। अगर उसके आदादो शुमार को देखते हैं कि अकलियतों की और खास तौर पर मुसलमानों की क्या हालत है तो रौंगटे खड़े हो जाते हैं। आदादो शुमार की रोशनी में तो ऐसे मालूम होता है कि खसूसी तौर पर मुसलमान तो शैड्यूल्ड कास्ट्स से भी कितने मामलों में पिछड़ गया है और पीछे रह गया है।

इंसाफ का तकाजा है कि इस पर भी तवज्जह दी जाये और in accordance with the population, in proportion to the population, आबादी के तनासुब से इन पिछड़े हुए तबकों को भी, मुसलमानों को भी रिजर्वेशन दिया जाये। अब मुझे यह न कहा जाये कि मजबह की बुनियादों पर रिजर्वेशन नहीं दिया जाता । अगर एक शैड्यूल्ड कास्ट्स का शख्स क्रिश्चियन धर्म अख्तियार करता है, इस्लाम मजहब अख्तियार करता है तो आप तो मजहब की बुनियाद पर उसके तमाम रिजर्वेशन को खत्म कर देते हैं, लेकिन वह बात अलग रही। हम यह नहीं कह सकते कि मजहब की बुनियाद पर रिजर्वेशन नहीं दिया जा सकता। जब हम किसी रिलीजियस ग्रुप के लोगों की बात करते हैं, the religious group is just used as an identification. एक बैकवर्ड ग्रुप को आइडेंटीफाई किया जाता है, जिस तरह कास्ट के जरिये बैकवर्ड ग्रुप को आईडेंटीफाई किया जाता है और अदालत ने भी इस बात को माना है कि वह इस तरह से आइडेंटीफिकेशन किया जा सकता है कि वह उस रिलीजियन की वजह से पसमांदा है, यह बात नहीं, वह उस मजहब की वजह से पिछड़ा हुआ है, यह बात नहीं, बल्कि खारजी तौर पर ऐसे हालात हैं। ऐसे हालात के अन्दर वे डाल दिये गये, जिनकी वजह से ऐसे हालात उनके लिए बरपा किये गये, जिनकी वजह से वे लोग पिछड़ रहे हैं।â€¦(व्यवधान) मैं दो-चार जुमलों में ही अपनी बात को खत्म कर दूंगा। आप मेरे साथ केरल आइये। केरल में रिजर्वेशन की एक स्कीम है, एक पैटर्न है, उसमें माइनोरिटीज, मुसलमानों, क्रिश्चियंस, सब के साथ इंसाफ किया हुआ है। केरल भी सैकुलर हिन्दुस्तान का ही एक हिस्सा है, एक अंग है। यह कांस्टीट्यूशन जितना दीगर तमाम रियासतों और मरकज के ऊपर हावी है, इसी तरह यह दस्तूर केरल पर भी हावी है। वहां पर मुसलमानों को, दीगर अक्लियतों को रिजर्वेशन हासिल है और यह ज़रूरी है, इंसाफ का तकाजा है कि यह रिजर्वेशन मुल्क भर में दिया जाये।

वक्त इसकी इजाजत नहीं देता कि मैं और मतालबात को आपके सामने रखूं, और मवाके आते रहेंगे और उनसे हुकूमत भी वाकिफ है। हुकूमत अपनी जिम्मेदारी को अंजाम देते हुए समाजी इंसाफ की खातिर आगे बढ़े। इस बिल का ताल्लुक शैड्यूल्ड कास्ट्स से हैं, शैड्यूल्ड ट्राइब्स से है। इस बिल का ताल्लुक तो इतना है कि प्रमोशंस के अन्दर भी उनको रिजर्वेशन मिलना चाहिए। यह एक जायज चीज है, इसकी हम भरपूर ताईद करते हैं।

SHRI PRAVIN RASHTRAPAL (PATAN): Thank you, Mr. Chairman, Sir.

Without going into the details of the five offending DoPT Circulars, I will invite the attention of the hon. Minister, through you, Sir, about the Bill which is being introduced. The Bill was introduced in the Rajya Sabha on 23rd December, 1999; the copy is with me. Now, we are informed that the said Bill was passed by the Rajya Sabha on 17th of August, which means after a gap of eight months. We are also informed that the Bill, which was introduced in the Rajya Sabha, was referred to the Standing Committee on Home Affairs.

Now, if you compare the original Bill, as introduced in the Rajya Sabha on 23rd December, 1999, and the Bill as passed by the Rajya Sabha on 17th August, 2000, there is not even a change of a comma or a full-stop or a word.

So, I would like to know from the hon. Minister as to what did the Standing Committee on Home Affairs do. What amendments have they done?

Sir, why this delay? I have got both the copies with me here. They have not made any change. Then, why this criminal delay in implementing it? Who is responsible for this?

Sir, the other point is about my amendments to this Bill. I had given my amendments to this Bill before 11 a.m. today, that is, before the start of today's business in the House. But I have been informed by the Secretariat that I was required to give my amendments to this Bill yesterday. Submitting my amendments before 11 a.m. today means that I have given my amendments prior to the start of today's business. The Bill has been taken up for discussion in the House at 4 p.m. today. The Hon. Minister should have admitted my amendments which that are of fundamental nature.

Sir, however, now I would like to make few points regarding this Constitution Amendment Bill. In reply to a Starred Question today in this House, the hon. Minister has given figures about the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes population in this country according to the Census of 1991. According to the Census of 1991, the reply says, `the Scheduled Caste population in this country is 16.48 per cent of the total population'. According to the said reply, `the Scheduled Tribe population in this country is 8.08 per cent of the total population'. So, the entire Scheduled Castes and Scheduled Tribes population of this country, according to the Census of 1991, was 24.56 per cent of the total population. Today, the combined population of these two communities would not be less than 30 per cent.

